# दे दो कन्हैया थोड़ा प्यार और कुछ भी ना चाहूँ तुमसे सांवरे लिरिक्स

दे दो कन्हैया थोड़ा प्यार,
और कुछ भी ना चाहूँ,
तुमसे सांवरे,
दे दो कन्हैया थोडा प्यार।bd।

तर्ज – तुझको पुकारे मेरा।

---

दौलत कमाई शोहरत कमाई,
फिर भी चैन नहीं है,
सुख और आनंद,
जो तेरे दर पे कहीं और नहीं है,
रखलो शरण में सरकार,
और कुछ भी ना चाहूँ,
तुमसे सांवरे,
दे दो कन्हैया थोडा प्यार।bd।

---

देखा है मैंने आते है,
लाखों दर पे हाथ पसारे,
सेठ या निर्धन,
तेरे भरोसे चलते सारे के सारे,
मुझ पर भी करना उपकार,
और कुछ भी ना चाहूँ,
तुमसे सांवरे,
दे दो कन्हैया थोडा प्यार।bd।

---

भटक ना जाऊं आके कन्हैया,
मुझको राह दिखा दे,
उस पर भी दूर मंजिल,
रस्ता कठिन है बाबा साथ निभा दे,
‘शिवम’ की नैया करो पार,
और कुछ भी ना चाहूँ,
तुमसे सांवरे,
दे दो कन्हैया थोडा प्यार।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दे दो कन्हैया थोड़ा प्यार,
और कुछ भी ना चाहूँ,
तुमसे सांवरे,
दे दो कन्हैया थोडा प्यार।bd।

**Singer – Kumar Vicky**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com